# हाई स्कूल परीक्षा

# विषय– सामाजिक विज्ञान

समय– 3.00 घण्टे    पूर्णांक–100

निर्देशः–

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न पत्र में दो खण्ड दिये गये है– खण्ड अ और खण्ड ब

(3) खण्ड अ में दिये गये प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ एवं अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। कुल अंक 5x5= 25 है।

(4) खण्ड ब में प्रश्न क्रमांक 6 से 21 में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 13 का उत्तर दिये गये निर्देशानुसार भारत के रेखा मानचित्र पर दर्शाइये।

(6) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

Note:

(i) All questions are compulsory.

(ii) There are two parts. Section A and Section B in the question paper.

(iii) Q. No. 1 to 5 are objective type questions and compulsory given in Section A. Each question has 5 marks. Total marks 5x5= 25.

(iv) Internal options are given in Q. Nos. 6 to 21 of Section B.

(v) Marks allotted to each question are mentioned against the question.

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित में खाली स्थान भरिए– 1x5

(1) भारत में सर्वाधिक गेंहूँ का उत्पादन करने वाला राज्य …………… है।

(2) भारत की स्वाधीनता के समय ………………… भारत के वायसराय थे।

(3) भारतीय संसद के दूसरे सदन का नाम ……………… है।

(4) शिक्षा एवं स्वास्थ्य ……………. अधोसंरचना का अंग है।

(5) ऊर्जा आयोग का गठन मार्च ……….. में किया गया।

## Section - A

1. Fill in the blanks.

(i) ..................... is the maximum wheat producing state in India.

(ii) At the time of independence of India ..................... was the viceroy.

(iii) The second house of Parliament is known as ...................

(iv) Education and health are the part of ................. infrastructure.

(v) The energy commission was formed in March ..............

2. सही जोड़ी मिलाईयेः– 1x5

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (1) मानस अभ्यारण्य | (अ) महाराष्ट्र |
| (2) कपास | (ब) छतरपुर |
| (3) बेगम हजरत महल | (स) प्राथमिक क्षेत्र |
| (4) चरण पादुका गोलीकाण्ड | (द) तृतीयक क्षेत्र |
| (5) परिवहन एवं संचार | (इ) अबध |
| | (फ) असम |

2. Match the following.

| | |
|---|---|
| (i) Manas wild life sanctuary | (a) Maharashta |
| (ii) Cotton | (b) Chattarpur |
| (iii) Begum Hazrat Mahal | (c) Primary Sector |
| (iv) Firing incidence of charan Paduka | (d) Tertiary Sector |
| (v) Communication and Transport | (e) Awadh |
| | (f) Assam |

3. सही विकल्प चुनकर लिखिए:– 1x5

(1) भारत में नोट छापने के कागज बनाने का कारखाना किस स्थान पर है?

(अ) नेपानगर (ब) टीटागढ़ (स) सहारनपुर (द) होशंगाबाद

(2) निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता भारतीय संविधान की नहीं है?

(अ) संसदीय शासन प्रणाली (ब) संघात्मक शासन

(स) स्वतंत्र व निष्पक्ष न्याय पालिका (द) अलिखित संविधान

(3) नशा मुक्ति के लिए मद्य निषेध अभियान किसने चलाया था?

(अ) जवाहरलाल नेहरू (ब) महात्मा गांधी (स) स्वामी विवेकानंद

(द) लाल बहादुर शास्त्री

(4) मध्यप्रदेश के किस स्वतंत्रता सेनानी को राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ :–

(अ) शंकर दयाल शर्मा (ब) पं. सुंदर लाल (स) पं. द्वारिका प्रसाद मिश्रा

(द) पं. शम्भूनाथ शुक्ल

(5) बाजार के विस्तार में सहायक होते हैं:–

(अ) परिवहन के साधन (ब) संचार के साधन (स) बैंक एवं वित्तीय संस्थाएं

(द) उपरोक्त सभी

3. Choose the correct option.

(i) Where is the security paper mill located in India?

(a) Nepanagar (b) Titagarh (c) Saharanpur (d) Hoshangabad

(ii) Which of the following is not a speciality of the Indian constitution?

(a) Parliamentary form of Government (b) Federal government

(c) Free and impartial Judiciary (d) unwritten constitution

(iii) Who started the prohibition movement against liquor consumption?

(a) Jawaharlal Naheru (b) Mahatma Gandhi

(c) Swami Vivekanand (d) Lal Bahadur Shastri

(iv) Which freedom fighter of madhya Pradesh had the honour of becoming president of India?

(a) Dr. Shankar Dayal Sharma (b) Pt. Sunder Lal

(c) Pt. Dwarika Prasad Mishra (d) Pt. Shambhunath Shukla

(v) Help in the expension of market?

(a) Means of transportation (b) Means of Communicaion

(c) Bank & Financial Institutions (d) All of above.

4. एक वाक्य में उत्तर दीजिए। 1x5

(1) रोलेक्ट एक्ट अधिनियम कब लागू हुआ?

(2) रेगड़ व कपास वाली मिट्टी को क्या कहते हैं?

(3) देश में सर्वाधिक भूकम्प प्रभावित क्षेत्र कौन सा है?

(4) मध्यप्रदेश विधान सभा की सदस्य संख्या कितनी है?

(5) शिक्षा के विस्तार हेतु भुगतान की गई कर की राशि पर कौन सा कर लगाया जाता है?

4. Answer in One word/Sentence:

(i) When was Rowlatt Act came into force?

(ii) What is called Black cotton soil and Regur Soil?

(iii) Which area is most affected by earthquake in India?

(iv) How many members in the legislative Assembly in Madhya Pradesh?

(v) Which Tax is levied for the expansion of education along with certain other taxes?

5. सत्य/असत्य लिखिएः– 1x5

(1) कांग्रेस का विभाजन सूरत अधिवेशन में हुआ।

(2) भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति प्रधानमंत्री करते हैं।

(3) 2001 की जनगणना के अनुसार स्त्री साक्षरता 48.7% है।

(4) प्रति व्यक्ति आय में वद्धि के साथ राष्ट्रीय आय घटने लगती है।

(5) कृषि क्षेत्र प्राथमिक क्षेत्र का क्रियाकलाप है।

5. Write True/false for the following:-

(i) Congress was divided in Surat Session.

(ii) Prime minister appoints the Cheif Justice of India.

(iii) According to census of India 2001 the women's literacy is 48.7%

(iv) With increasing of per capita income the national income decreases.

(v) Agriculture is included in primary sector.

6. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों के कितने प्रकार हैं? नाम लिखिए। 4

In how many types the industries can be classified on the basis of ownership?

अथवा

लौह इस्पात उद्योग ''आधारभूत'' उद्योग क्यों कहलाता है?

Why is Iron and Steel industry called "Basic Industry"?

7. सड़क परिवहन, रेल परिवहन की अपेक्षा किस प्रकार महत्वपूर्ण है? 4

How is road transport more important than railway?

अथवा

तार व फैक्स में अंतर स्पष्ट कीजिए।

Write the difference between Telegram and Fax.

8. सुनामी से क्या आशय है? भारत में सुनामी प्रभावित क्षेत्र कौन कौन से हैं? 4

What do you meant by Tsunami? Write the areas affected by Tsunami in India.

अथवा

आपदा प्रबंधन से क्या आशय है? आपदा प्रबंधन के प्रमुख तत्व लिखिए।

What do you meant by "Disaster Management"? Write the main stages of Disaster management.

9. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की असफलता के चार प्रमुख कारण बताईये। 4

Write four main causes of failure of the revolution of 1857.

अथवा

1857 के स्वतंत्रता संग्राम का तात्कालिक कारण क्या था?

What was the immediate cause of 1857 revolt?

10. भारतीय विदेश नीति की प्रमुख चार विशेषताए लिखिए? 4

Write four special features of Indian foreign policy .

अथवा

सन् 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के चार प्रमुख परिणाम लिखिये?

Describe the four main important effect of 1971 Indo PAK war.

11. प्रधानमंत्री के चार प्रमुख कार्य लिखिए। 4

Write four main functions of Prime Minister.

अथवा

संघात्मक शासन की चार महत्वपूर्ण विशेषताओं को लिखिए।

Describe the four main important special features of federal form of Government.

12. इण्डिया विजन 2020 क्या है? समझाईये। 4

What is India Vision 2010? Explain.

अथवा

प्रतिव्यक्ति आय क्या है? इसकी गणना का सूत्र लिखिए।

What is per capita Income? Write the formula for calculating it.

13. दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये। 5

1. नर्मदा नदी
2. बंगाल की खाड़ी
3. कर्क रेखा
4. छोटा नागपुर का पठार
5. दिल्ली

Indicate the following in the map of India-

(i) Narmada River

(ii) Bay of Bangal

(iii) Tropic of Cancer

(iv) Chhota Nagpur Pathar

(v) Dehli

अथवा

निम्न मौसमी दशाओं को स्पष्ट करने हेतु संकेत बनाईये।

1. वर्षा
2. कुहरा

3. हिम

4. प्रबल समीर

5. मंद समीर

Draw symbol and show the following weather condition.

i(i) Rain

(ii) Fog

(iii) Snow

(iv) Strong Breeze

(v) Pleasant Breeze

14. अंग्रेजो की आर्थिक शोषण की नीति ने भारतीय कुटीर उद्योग को कैसे प्रभावित किया? वर्णन कीजिए। 4

How were the cottage industries affected by the British policy of exploitation? Explain.

अथवा

कांग्रेस की स्थापना के प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

Write the objectives of establishment of Congress?

15. बंगाल विभाजन के पीछे ब्रिटिश शासन के क्या उद्‌देश्य थे? 4

What were the objectives of the British Government behind partition of Bengal?

अथवा

असहयोग आंदोलन में मध्य प्रदेश की जनता ने अपना सहयोग किस प्रकार दिया?

In what way the people of Madhya Pradesh made their contribution in the non co-operation movement?

16. राज्य के नीति निर्देशक तत्वों से क्या आशय है? समझाईये। 4

What do you understand by Directive principles of the state policy? Explaine.

अथवा

भारत के नागरिकों के 5 मूल कर्तव्यों का वर्णन कीजिए।

Explain any five fundamental duties of an Indian citizen?

17. जनसंख्या वृद्धि को रोकने के उपाय लिखिए। 4

What measures should be adopted to arrest population growth?

अथवा

साम्प्रदायिकता को दूर करने के उपाय लिखिए।

Write the measures to remove communalism.

18. उपभोक्ता के अधिकारों का वर्णन कीजिए। 4

Explain the rights of consumers.

अथवा

उत्पादक एवं व्यापारी उपभोक्ताओं का शोषण किस प्रकार करते हैं? संक्षेप में बताईये।

How do the producer and traders exploit consumers? Explain Shortly.

19. मिश्रित अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं? मिश्रित अर्थव्यवस्था के दोष बताईये। 4

What do you mean by mixed economy? State the demerits of mixed economy.

अथवा

वैश्वीकरण का छोटे उत्पादकों पर क्या प्रभाव पड़ा है? वर्णन कीजिए।

How are the small producers affected by globalization? Explain.

20. मृदा अपरदन के कारण एवं संरक्षण के तरीकों का वर्णन कीजिए। 4

Explain the causes of Soil erosion and method of conservation of Soil?

अथवा

ऊर्जा के गैर परम्परागत साधनों का वर्णन कीजिए।

Explain the non conventional sources of energy.

21. भारत–चीन युद्ध में एक तरफा युद्ध विराम की घोषणा चीन ने क्यों की? समझाकर लिखिए। 4

Why did China declare one sided cease fire (end of war) in the Indo-China war? Explain it.

**अथवा**

ताशकंद समझौता क्या है? इसकी महत्वपूर्ण शर्तों का उल्लेख कीजिए।

What is Tashkand pact? Explain important conditions of this agreement.

## आदर्श उत्तर

1– (i) उत्तर प्रदेश 1x5=5

(ii) लार्ड माउन्ट बेटन

(iii) राज्य सभा

(iv) सामाजिक

(v) 1981

2– (i) (F) असम 1x5=5

(ii) (a) महाराष्ट्र

(iii) (e) अवध

(iv) (b) छत्तरपुर

(v) (d) तृतीयक

3– (i) होशंगाबाद 1x5=5

(ii) अलिखित संविधान

(iii) महात्मा गॉंधी

(iv) डॉ. शंकर दयाल शर्मा

(v) उपरोक्त सभी

4– (i) 18 मार्च 1919 ई. 1x5=5

(ii) काली मिट्टी

(iii) कच्छ

(iv) 230

(v) शिक्षा उपकर

5– (i) सत्य 1x5=5

(ii) असत्य

(iii) असत्य

(iv) असत्य

(v) सत्य

6– स्वामित्व के आधार पर उद्योग चार प्रकार के होते है– 4

(i) निजी उद्योग – जो व्यक्तिगत स्वामित्व में होते है।

(ii) सरकारी उद्योग – जो सरकार के स्वामित्व में होते है।

(iii) सहकारी उद्योग – जो सहकारी स्वामित्व में होते है।

(iv) मिश्रित उद्योग – जो उपरोक्त में से किन्हीं दो या दो से अधिक के स्वामित्व में होते है।

अथवा

लोहा एवं इस्पात उद्योग आधार भूत उद्योगों में से एक महत्व पूर्ण उद्योग है। किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था का यह आधार स्तम्भ होता है यह आधुनिक ओद्योगिक ढॉचे का आधार और राष्ट्रीय शक्ति का मापदण्ड है। लोहा इस्पात उद्योग का उपयोग मशीने, रेलवे लाईन, यातायात के साधन, रेल पुल, जलयान अस्त्र–शस्त्र एवं कृषि यंन्त्र आदि बनाने में कहा जाता है। इसलिये लोहा इस्पात उद्योग को आधार भूत उद्योग।

7– यद्धपि सड़क परिवहन महॅगा होता है, परन्तु इसका बहुत अधिक महत्व है। 4

(i) सड़क परिवाहन बड़े–बड़े नगरों एवं औद्योगिक केन्द्रों को ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ता है।

(ii) पर्वतीय क्षेत्र खनिज उत्पादक क्षेत्र तथा ऊबड़ खाबड़ क्षेत्रों में रेले नहीं चलाई जा सकतीं। अतः वहॉ सड़कों का विकास किया जाता है।

(iii) सड़क परिवाहन रेलों द्वारा लाये गये सामान को नियत स्थानों तथा रेल द्वारा ढोये जाने वाले माल को रेल यार्ड तक ले जाता है।

(iv) शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तुओं गन्तव्य स्थान तक पहुंचाने में सड़क परिवहन अधिक उपयोगी।

अथवा

तार व फैक्स में अन्तर

| तार | |
|---|---|
| 1. तार द्वारा संदेश भेजने की प्रक्रिया में टेलिग्राफ के तार खम्भो पर स्थायी रूप से बॉधे जाते है। | 1. फैक्स में फैक्स मशीन का प्रयोग किया जाता है, जिसे टेलीफोन नम्बर से जोड़ा जाता है। |
| 2. संदेश बिजली के माध्यम से तारों द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान तक को डेंसी मशीन द्वारा भेजे जाते है। | 2. फैक्स में तुरन्त लिखित संदेश भेजा जाता है। मशीन संदेश कागज पर छाप देती है। |
| 3. तार में सांकेतिक भाषा मोर्स कोड का प्रयोग किया जाता है। | 3. सांकेतिक भाषा का प्रयोग नही किया जाता है। |
| 4. पुरानी पद्धति है | यह संदेश भेजने की नवीनपद्धति है। |

8– भूकम्प और ज्वालामुखी से महासागरीय धरातल में अचानक हलचल पैदा होती है, जिससे महा सागरीय जल का अचानक विस्थापन होता है। जिससे समुद्री जल में उर्ध्वाधर उँची तंरगे पैदा होती है ये तंरगे सुनामी या भूकम्पीय समुद्री लहरे कहलाती है। भारत में तमिलनाडु राज्य, केरल, आन्ध्रप्रदेश और पाण्डिचेरी है। 4

अथवा

8– आपदा प्रबंधन का आशय आपदाओं की यथा संभव रोकथाम करना उनका दुष्प्रभाव कम करना व उनका प्रबंध करना है।

आपदा प्रबंधन के तत्व–

(1) पहले से तैयारी– इसके अन्तर्गत समुदाय को आपदा प्रभाव से निपटने के लिए पहले से तैयार रहना चाहिए।

(2) राहत एवं जबाबी कार्यवाही।

(3) सामान्य जीवन स्तर पर लौटना।

(4) रोकथाम या दुष्प्रभाव को कम करने के लिए योजना।

9– 1857 के संग्राम के प्रमुख कारण निम्न लिखित है। 4

(1) संगठन व एकता का अभाव।

(2) नेतृत्व का अभाव।

(3) परम्परा वादी हथियार।

(4) सामन्त वादी स्वरूप।

(5) बहादुर शाह द्वितीय की अनभिज्ञता।

(6) समय से पूर्व और सूचना प्रसार में असफल क्रान्ति।

(7) स्थानीयता।

(8) सम्पर्क भाषा का अभाव।

नोटः– उपरोक्त में से कोई चार बिन्दु लिखने पर 4 अंक दिये जाये।

अथवा

बैरकपुर छावनी में 29 मार्च 1857 को मंगल पांडे नामक सैनिक ने धार्मिक भावनाओं से प्रेषित होकर चर्बी कारतूस को मुँह से काटकर बन्दूक में भरने से इन्कार कर दिया

और उत्तेजित होकर अंग्रेज अधिकारियों की हत्याकर दी। परिणाम स्वरूप उसे बंदी बनाया गया तथा 8 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी गई। यह ही स्वतंत्रता संग्राम का तात्कालिक कारण बना।

10. भारतीय विदेश नीति की प्रमुख विशेषताएं निम्न हैः– 4

1. भारत विश्व राजनीति में असंलग्नता की नीति का अवलम्बन करता है।

2. भारत की नीति शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के सिद्धांत में विश्वास करते हुए विश्वशांति कायम रखने तथा संभव सहयोग देने की नीति है।

3. भारत साम्राज्यवाद एवं प्रजातीय विभेद का विरोध करता है और पिछड़े राष्ट्रों की सहायता करने को तैयार रहता है।

4. भारत संयुक्त राष्ट्र संघ तथा उससे संबंधित संस्थाओं का समर्थन करता है तथा उनसे सहयोग प्राप्त करता है।

अथवा?

1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के महत्वपूर्ण परिणाम निम्नलिखित हैंः–

1. बंगलादेश का निर्माण हुआ।

2. पाकिस्तान का क्षेत्रफल जनसंख्या शक्ति कम हुई।

3. 1965 के पश्चात् 1971 में पुनः पाकिस्तान की हार ने उसका मनोबल तोड़ दिया।

4. भारत की यह समझ में आ गया कि अमेरिका उसका हितैषी नहीं है। अतः भारत ने सोवियत संघ के साथ मित्रता बढ़ाई।

5. इस युद्ध के परिणाम स्वरूप पाकिस्तान से सहानुभूति रखने वाले राष्ट्र अमेरिका और चीन के हौसले की पराजय हुई।

6. भारत पाकिस्तान युद्ध के समय देश के विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने सारे मतभेद भुला दिये।

7. पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा।

11. प्रधानमंत्री के चार प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैः– 4

1. प्रधानमंत्री का सर्वप्रथम कार्य मंत्रीमण्डल का गठन करना होता है।

2. मंत्रियों के बीच विभागों का वितरण।

3. मंत्री परिषद् की बैठकों की अध्यक्षता करना।

4. मंत्रियों के विभागों तथा कार्यों की देख रेख करना।

5. प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति तथा मंत्री मण्डल के बीच कड़ी का काम करता है।

6. विदेशों के साथ सम्बन्धों की स्थापना, संधियों तथा समझौते कराना प्रधानमंत्री का ही कार्य होता है।

7. राष्ट्रपति के संकट कालीन अधिकारों का प्रयोग करना।

नोटः– उपरोक्त में से चार कार्य लिखने पर 4 अंक दिये जायेंगे।

अथवा

भारतीय संघात्मक शासन की विशेषताएं निम्नलिखित हैंः–

1. दोहरी सरकारें
2. शक्तिओं का विभाजन
3. संविधान का लिखित स्वरूप एवं उसकी सर्वोच्चता
4. न्यायालय की सर्वोच्चता
5. द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका।

12. इण्डिया विजन 2020 आने वाले दो दशकों में अर्थव्यवस्था की पूर्वाकलन करने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज इण्डिया विजन 2020 योजना आयोग ने 23 जनवरी 2003 को जारी किया। योजना आयोग के दस्तावेज ने यह दर्शाने का प्रयत्न किया है कि दो दशकों के बाद क्या कुछ प्राप्त किया जा सकता है। 4

अथवा?

किसी देश की राष्ट्रीय आय को जब उस देश की कुल जनसंख्या से भाग दे दिया जाता है तो हमें प्रति व्यक्ति आय ज्ञात हो जाती है।


इसे ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

$$\text{प्रतिव्यक्ति आय} = \frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{देश की कुल जनसंख्या}}$$

नोटः– उदाहरण सहित सूत्र पर पूरे अंक दिये जायेंगे।

13. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित दर्शायेंः– 5

1. नर्मदा
2. बंगाल की खाड़ी
3. कर्क रेखा
4. छोटा नागपुर का पठार
5. दिल्ली




नोटः– भारत के मानचित्रों में प्रत्येक चिन्ह पर एक अंक पूरे पांच पर 5 अंक दिये जायें।

अथवा


मौसमी दशाओं के संकेत बनाईये

1. वर्षा – 

2. कोहरा – 

3. हिम – 

4. प्रबल समीर – 

5. मन्द समीर – 

नोटः– प्रत्येक संकेत पर एक अंक पूरे पांच संकेत पर 5 अंक दिये जायें।

14. भारत में ब्रिटिस सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण भारतीय उद्योग, व्यापार नष्ट हो गये। भारतीय कुटीर तथा छोटे पैमाने के उद्योगों का तेजी से पतन हो गया क्योंकि वे इग्लैंड के कारखानों के बने माल की प्रतियोगिता विदेशी सरकार की शत्रुतापूर्ण नीति के कारण न कर सके। भारत का विदेशी व्यापार भारतीय व्यापारियों के हाथों से निकल गया। भारत कुछ ही दशकों के भीतर एक प्रमुख निर्यातक स्थिति से गिरकर विदेशी वस्तुओं का सबसे बड़ा उपभोक्ता राष्ट्र बन गया। 5 अंक

अथवा

कांग्रेस की स्थापना के निम्नलिखित उद्देश्य हैः–

(1) साम्राज्य के विभिन्न भागों में देश के हित के कार्यों में सलग्न ऐसे सभी व्यक्तिओं में परस्पर घनिष्ठता और मित्रता को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करना।

(2) अपने सभी देश प्रेमियों जाति, धर्म के सभी मित्रतापूर्ण व्यक्तिगत सम्पर्क से दूर करना, राष्ट्रीय एकता की उन भावना को पूरी तरह विकसित करना।



https://www.freshersnow.com/board-model-question-papers/

(3) तात्कालिक महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं के बारे में शिक्षित वर्ग के परिपक्व व्यक्तिओं के साथ पूरी तरह से विचार विमर्श करने के बाद बहुत सावधानी से प्रमाणित लेखा जोखा तैयार करना।

(4) जिन दिशाओं में और जिस तारीख से अगले बारह महीनों में देश के राजनीतिज्ञों को लोक हित के लिए कार्य करना चाहिए।

15. ब्रिटिश सरकार के अनुसार बंगाल विभाजन का प्रमुख उद्देश्य बंगाल के प्रशासन को सुधारने का था। लार्ड कर्जन के मत में बंगाल एक विशाल प्रान्त है। अतः समुचित प्रशासनिक संचालन के लिए उसका विभाजन करना आवश्यक था। अन्य उद्देश्य बंगाल की संगठित राजनीतिक भावना को समाप्त करना तथा राष्ट्रीयता के वेग को कम करना था। पूर्वी बंगाल में मुसलमानों का बहुमत रखना जिससे हिन्दू मुस्लिम एकता समाप्त हो जाये। 5

अथवा

असहयोग आंदोलन में म.प्र. की जनता ने शराब बंदी, तिलक स्वराज फण्ड, विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार, सरकारी शिक्षण संस्थाओं का त्याग कर राष्ट्रीय शिक्षा संस्थाओं की स्थापना हथ करघा उद्योग की स्थापना कार्यों में अपना योगदान दिया। वकीलों ने अपनी वकालत त्याग दी, जो वकील न्यायालय जाना चाहते थे उन्होंने टोपी पहनकर न्यायालयों मे प्रवेश किया। जिला समितियों ने शासकीय आज्ञाओं की अवहेलना कर भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराये।

16. भारतीय संविधान के चौथे भाग में शासन संचालन के लिए मूलभूत सिद्धान्तों का वर्णन किया गया है। इन्हें राज्य के नीति निर्धारण करने वाले निर्देशक तत्व कहा गया है। ये तत्व आधुनिक प्रजातंत्र के लिए राजनीतिक सामाजिक तथा आर्थिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं। नीति निर्देशक तत्वों को किसी न्यायालय द्वारा परिवर्तित नही कराया जा सकता, किन्तु ये तत्व शासन में मूलभूत स्थान रखते हैं। इन तत्वों के माध्यम से भारत में एक लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना का प्रयास किया गया है। 5



https://www.freshersnow.com/board-model-question-papers/

अथवा

भारत के प्रत्येक नागरिक के मूल कर्तव्य निम्नलिखित हैः–

(1) संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थानों, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे।

(2) स्वतंत्रता के लिये हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को ह्रदय में संजोये रखे और उनका पालन करे।

(3) भारत की सम्प्रभता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्य रखे।

(4) देश की रक्षा करे और आव्हान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करे।

(5) हमारी सामाजिक, संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्व समझे और इसका परिरक्षण करे।

(6) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे।

नोटः– कोई पांच बिन्दु लिखने पर 5 अंक दिये जायेंगे।

17. जनसंख्या वृद्धि को रोकने के निम्नलिखित उपाय हैंः– 5

(1) परिवार कल्याण

(2) शिक्षा तथा सामाजिक सुधार

(3) आर्थिक विकास

(4) सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों में वृद्धि

(5) विवाह की आयु सम्बंधी नियमों का पालन

(6) प्रेरणाएं

(7) मनोरंजन के साधनों में वृद्धि

नोटः– कोई पांच बिंदुओं का वर्णन करने पर पांच अंक।



https://www.freshersnow.com/board-model-question-papers/

अथवा

साम्प्रदायिकता को दूर करने के लिए निम्न उपाय अपनाने चाहिएः–

(1) शिक्षा द्वारा – शिक्षा द्वारा सभी धर्मों के प्रति आदर भाव सिखाया जाये।

(2) सर्वधर्म कार्यक्रमों का आयोजन– सभी सम्प्रदाय के लोगों को मिलजुल कर सामूहिक सम्मेलन आयोजन से आपसी मेलजोन बढ़ता है। पारस्परिक घृणा कम होगी।

(3) समान कानून– समान कानून लागू करने में किसी प्रकार का भेदभाव, जाति, धर्म, भाषा और लिंग के आधार पर नहीं करना चाहिए।

(4) राजनीति में धर्म के प्रभाव पर नियंत्रण।

नोटः– उपरोक्त बिन्दुओं का वर्णन करने पर पूरे 5 अंक दिये जायेंगे।

18. सामान्यतः उपभोक्ताओं को निम्नांकित अधिकार प्राप्त हैंः– 5

(1) सुरक्षा का अधिकार

(2) चयन का अधिकार

(3) जानकारी का अधिकार

(4) सूचना का अधिकार

(5) क्षतिपूर्ति का अधिकार

नोटः– उपरोक्त पांच बिंदुओं का वर्णन करने पर पूरे 5 अंक दिये जायेंगे।

अथवा

सामान्यतः उत्पादक एवं व्यापारी उपभोक्ताओं का शोषण निम्नलिखित प्रकार से करते हैंः–

(1) मिलावट एवं अशुद्धता

(2) अधिक मूल्य

(3) झूठी अथवा अधूरी जानकारी



https://www.freshersnow.com/board-model-question-papers/

(4) घटिया गुणवत्ता

(5) माप तौल में गड़बड़ी

(6) बिक्री के पश्चात असन्तोष जनक सेवा

(7) अनावश्यक शर्तें

(8) कृत्रिम अभाव

नोटः– उपरोक्त में से किन्हीं पांच बिन्दुओं का वर्णन करने पर पूरे 5 अंक दिये जायेंगे।

19. मिश्रित अर्थ व्यवस्था वह आर्थिक प्रणाली है जिसमें समाज के सभी वर्गों के आर्थिक कल्याण के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र को विशिष्ट भूमिकाएं आवंटित की जाती है:– 5

मिश्रित अर्थव्यवस्था के दोषः–

(1) निर्बल नीति

(2) अकुशलता

(3) राष्ट्रीयकरण का भय

(4) राज्य का आर्थिक प्रभुत्व

(5) आर्थिक अस्थिरता

अथवा

वेश्वीकरण का अनेक छोटे उत्पादों पर बुरा प्रभाव पड़ा है। विदेशों में उत्पादित माल से प्रतियोगिता करने में छोटे उद्योग सक्षम नहीं है, परिणामस्वरूप अनेक छोटे उद्योग बंद हो गये है। बैटरी, संधारित्र, प्लास्टिक, खिलौने, टायर, डेयरी उत्पादों एवं खाद्य तेल के उत्पादकों की स्थिति अत्यधिक खराब है। भारत के कुल उद्योगों में कृषि के बाद सबसे अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त है। ये सभी वैश्वीकरण से प्रभावित हुए हैं।



https://www.freshersnow.com/board-model-question-papers/

20. मृदा अपरदन के कारण निम्नलिखित हैंः– 6

(1) वनों का नाश

(2) अत्यधिक पशु चारण

(3) आदिवासियों द्वारा झूमिंग कृषि करना

(4) पवन अपरदन

(5) भारी वर्षा

मृदा संरक्षण के निम्नलिखित उपाय किये जा सकते हैः–

(1) मिट्‌टी की उर्वरकता बनाये रखने के लिए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाना।

(2) रासायनिक उर्वरकों के साथ–साथ जैविक खादों को भी प्रयोग में लाना।

(3) वृक्ष लगाकर मृदा अपरदन रोकना।

(4) नदियों पर बॉध बनाकर जल के तीव्र प्रवाह को रोक कर भूमि के कटाव को रोकना।

(5) पर्वतीय भागों में सीढ़ी नूमा खेत बनाना।

(6) खेतों की उँची मेंड़ बनाना।

(7) ग्रामीण क्षेत्रों में चरागाहों का विकास करना।

अथवा

गैर परम्परागत उर्जा स्त्रोतों मे निम्नलिखित प्रमुख हैः–

(1) सौर उर्जाः– सूर्य की धूप से प्राप्त उर्जा को सौर उर्जा कहा जाता है। सौर उर्जा का सीधा एवं विद्युत में बदल कर उपयोग किया जाता है।

(2) पवन उर्जाः– बहती हुई हवा की गति से जो उर्जा प्राप्त होती है उसे पवन उर्जा कहते है, पवन उर्जा का उपयोग कृषि कार्यों परिवहन तथा भूगर्भ से जल निकालने के लिये किया जाता है।



https://www.fresherssnow.com/board-model-question-papers/

(3) बायोमास उर्जाः– कृषि वन पशु उद्योग एवं अन्य अपशिष्टों से उर्जा प्राप्त करना बायोमास उर्जा कहलाती है इसका उपयोग गैस एवं विद्युत दोनो रूपों में प्राप्त की जाती है। यह गैस सस्ती पड़ती है इनके जलने से प्रदूषण नहीं होता है।

(4) भू तापीय उर्जाः– पृथ्वी का आन्तरिक भाग गर्म है इससे प्राप्त उर्जा भू तापीय उर्जा कहलाती है। भू तापीय उर्जा से विद्युत उत्पादन की सम्भवना है।

21. भारत चीन युद्ध की पृष्ठ भूमि का अध्ययन करने पर कुछ तथ्य सामने आते है। जैसे चीन ने भारत पर अचानक आक्रमक क्यो किया। युद्ध में भारत को पराजय क्यो मिली और चीन द्वारा युद्ध विराम की घोषणा क्यों की गई। विद्धानों ने इन बातों पर विचार मंथन के बाद यह निष्कर्ष निकाला किः– 6

(1) चीन अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहता था।

(2) चीन की नीति विस्तार वादी थी।

(3) चीन विश्व में अपनी आर्थिक व राज नैतिक सवोंच्चता स्थापित करना चाहता था।

(4) चीन भारतीयों को गुट निरपेक्षता की नीति को गलत बताना चाहता था।

(5) युद्ध विराम की घोषणा करके चीन विश्व समुदाय का समर्थन प्राप्त करना चाहता था।

अथवा

19 जनवरी 1966 की ऐतिहासिक ताश कंद समझौतें पर दोनों पक्षों (भारत एवं पाकिस्तान) ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते की महत्वपूर्ण शर्ते निम्नलिखित हैः–

(1) दोनों पक्षों ने अच्छे पड़ौसियों जैसे सम्बन्ध निर्माण करने पर सहमति व्यक्त की।



https://www.freshersnow.com/board-model-question-papers/

(2) दोनों पक्षों ने यह सहमति व्यक्त की वे 5 अगस्त 1965 के पूर्व जिस स्थिति में थे वहाॅ अपनी सेनाऐ को वापस बुला लेगें। दोनों पक्ष युद्ध विराम की शर्तों का पालन करेंगे।

(3) दोनों पक्षों ने एक दूसरे के आन्तारिक मामलों में हस्ताक्षेप न करने एक दूसरे के विरूद्ध प्रचार को निरूत्साहित करने तथा पुनः राजनयिक सम्बन्धों की स्थापना करने का निर्णय लिया।

(4) इसके अतिरिक्त आर्थिक सांस्कृतिक सम्बन्धों को मधुर बनाने पर भी सहमति व्यक्त की गई।